राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः आर0एम0पी0यू0 / 1646 / 2022 दिनांकः 30.11.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।

विषयः— दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 से प्रारम्भ होने वाली परीक्षा के संबध में।

महोदय / महोदया,

आप अवगत ही है कि विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों पर प्रारम्भ होने जा रही है। परीक्षा संबंधी समस्त सामग्री सभी नोडल केन्द्रों पर प्रेषित की जा चुकी है।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार यह अपेक्षा की जाती है कि कृपया निम्न बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करें:—

1 **प्रत्येक केन्द्राध्यक्ष प्रश्न—पत्र पैकिट खोलने से पूर्व कृपया यह सुनिश्चित कर लें, कि किस पाली में कौन से पाठ्यक्रम की परीक्षा है, उसी का प्रश्न—पत्र खोला जाये। इसमें विशेष सावधानी वरते जाने की आवश्यकता है।**

2 प्रत्येक पाली की परीक्षा के उपरांत परीक्षा में उपस्थित, अनुपस्थित एवं यू0एफ0एम0 में सम्मिलित विद्यार्थियों की संख्या का विवरण एक घण्टें में महाविद्यालय लॉगिन पर अपलोड कर दिया जाये।

3 परीक्षा के दौरान प्रयोग की जाने वाली ओ0एम0आर0 अटेन्डेन्स सीट की मूल प्रति ओ0एम0आर0 आन्सर सीट के पैकेट के अंदर ही रखकर सील की जाये तथा उसे समय से नोडल सेन्टर को उपलब्ध करा दिया जाये।

4 प्रत्येक परीक्षा केन्द्र उपस्थित, अनुपस्थित एवं यू0एफ0एम0 में सम्मिलित विद्यार्थियों की संख्या का विवरण अपने महाविद्यालय पर भी सुरक्षित रखेगें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसकी प्रति विश्वविद्यालय को अथवा छात्र को उपलब्ध करायी जा सके।

5 कतिपय परीक्षा केन्द्रों द्वारा सील पैकिट नोडल सेन्टर को उपलब्ध कराने में विलम्ब किया जाता है, यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। इस पर कई नोडल समन्वयक द्वारा विश्वविद्यालय से शिकायत भी की गयी है। कृपया यह सुनिश्चित किया जाये की परीक्षा समाप्ति के अधिकतम एक घण्टे के अंदर समस्त सामग्री सील कर ली जाये और उसे समय से नोडल सेन्टर के प्रतिनिधि को उपलब्ध करा दिया जाये।

6 नोडल सेन्टर का यह दायित्व है कि वह नोडल सेन्टर पर उपलब्ध परीक्षा सामग्री का परीक्षा से एक दिन पूर्व बारीकी से मिलान कर लें, किसी भी प्रकार का अंतर पाये जाने पर तत्काल अधोहस्ताक्षरी अथवा श्री कैलाश बिन्द, सहायक कुलसचिव को सूचना देकर स्थिति स्पष्ट कर लें।

(महेश कुमार)
कुलसचिव

<u>प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—</u>

1 मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।
2 प्रभारी बेवसाइट को समस्त नोडल केन्द्र एवं परीक्षा केन्द्रों की कालेज लागइन एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3 गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव